हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 20 फरवरी 2025




# मेयर चुनाव के 9 प्रत्याशियों सहित पार्षद के 61 की जमानत जब्त
# कांग्रेस के चार शामिल, शासन के खाते में साढ़े तीन लाख जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्ड में मधु की लहर के सामने कांग्रेसी प्रत्याशियों को अब तक की सबसे बुरी हार देखने को मिली। आलम यह रहा कि 51 में से 39 में भाजपा और महज 8 में ही कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत हासिल हो पाई। वहीं कुल 176 प्रत्याशियों में से 61 की जमानत जब्त हो गई। इनमें कांग्रेस के चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं मेयर चुनाव के मैदान में उतरे 11 में से 9 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। इनमें बसपा, आप जैसी पार्टियों के प्रत्याशी भी शामिल हैं।

## मधुसूदन की लहर में बसपा और आप के प्रत्याशी भी नहीं बचा पाए जमानत

### इन कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त

वार्ड पार्षद के चुनाव में कुल 61 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त कर ली गई है। खास बात यह है कि इनमें चार कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 16 से कांग्रेस प्रत्याशी कर्तव्य देवांगन, वार्ड क्रमांक 26 से देवकी यादव, वार्ड क्रमांक 18 से ममता गजभिए वार्ड क्रमांक 41 से दीपक सिन्हा शामिल हैं। इसके अलावा 59 अन्य पार्षद प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है, इन्हें अपने वार्ड में कुल मतदान का 16.66 फीसदी वोट नहीं मिल पाया।



**3.37 लाख रुपए जब्त :** मेयर पद का चुनाव लड़ने वाले 9 नेताओं से 1.40 लाख रुपए की जमानत राशि जब्त की गई है। मेयर पद के नामांकन फार्म के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 20 हजार एवं एससी, एसटी, ओबीसी व महिलाओं के लिए यह राशि 10 हजार थी। वहीं पार्षद पद के कुल 61 प्रत्याशियों से 1.97 लाख रुपए की जमानत राशि जब्त की गई है। पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म की राशि सामान्य वर्ग के लिए 5 हजार एवं एससी, एसटी, ओबीसी व महिलाओं के लिए ढाई हजार रुपए थी।

### नोटा से पीछे रहे 6 मेयर प्रत्याशी

महापौर चुनाव में मधुसूदन यादव को कुल 68551, निखिल द्विवेदी को 24096 मत मिले। इन दोनों की ही जमानत बची। शेष आप प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार को 2252, बसपा प्रत्यशी शमशुल आलम को 1431, राजेश गुप्ता को 1119, राकेश ठाकुर को 507, जोहर पार्टी प्रत्याशी महेंद्र जंघेल को 318, संदीप शुक्ले को 257, शिवसेना प्रत्याशी माखन यादव को 247, दीपा रामटेके को 203, केवल रजक को 111 वोट मिले। जबकि नोटा को कुल 784 वोट मिले हैं। ऐसे में छह मेयर प्रत्याशियों से अधिक मत लोगों ने नोटा को दिया।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव नगर निगम के तहत महापौर एवं 51 वार्ड में पार्षद पद के लिए चुनाव कराए गए थे। मेयर बनने के लिए जहां कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। वहीं पार्षद बनने की कतार में 176 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर चुनाव लड़ा। राजनांदगांव शहर के अंतर्गत लगभग 76 फीसदी यानि 100087 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें 16.66 फीसदी से कम वोट पाने वालों की जमानत जब्त कर ली गई। जमानत राशि वह होती है, जो प्रत्याशी अपने नामांकन के दौरान जमा करता है। यह राशि सभी वर्ग के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा ही तय की जाती है।


## खबर संक्षेप

### दंपत्ति को चारपहिया वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**राजनांदगांव।** वैवाहिक समारोह में शामिल होने नागपुर से दो पहिया वाहन में आ रहे एक दंपत्ति को एक चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। बताया गया कि दोनों 10 माह पूर्व ही विवाह बंधन में बंधे थे और मंगलवार को एक सड़क हादसे में दोनों की जान चली गई।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एक सब्जी से भरी एक डीआई वाहन ने भंडारा के पास मोटर साइकिल में सवार लोचन साहू 27 वर्ष और उसकी पत्नी 25 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर ही दूर जा गिरे। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। बताया गया कि तुमड़ीबोड निवासी चांदनी साहू का 10 माह पहले गोविंदपुर के रहने वाले लोचन साहू से विवाह हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार लोचन और चांदनी दोनों नागपुर मजदूरी करने गए थे। लोचन के गांव में ही परिवार में शादी समारोह का आयोजन हो रहा है, उसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों नागपुर से गोविंदपुर आ रहे थे। दोनों नागपुर से बाइक में सवार होकर गोविंदपुर के लिए निकले थे, तभी भंडारा के आगे खरबी गांव के पास पहुंचे ही थी कि फोरलेन में सब्जी से भरी गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि गाड़ी सहित पति-पत्नी सड़क में दूर जा गिरे। इधर दोनों का अंतिम संस्कार गृहग्राम गोविंदपुर में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार, परिजन व अन्य लोग शामिल हुए।

## माय एंगल




### 11 जिला पंचायत, 65 जनपद, 284 सरपंच और 2923 पंच सीट के लिए होगा मतदान

# दूसरे चरण का मतदान आज, तीन जिलों के साढ़े तीन लाख वोटर चुनेंगे गांव की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का चुनाव निपटने के बाद अब कल 20 फरवरी को दूसरे चरण का चुनाव होगा। सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही मतगणना होगी। परिणाम की घोषणा 21 फरवरी को की जाएगी। दूसरे चरण के मतदान के लिए राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के करीब साढ़े तीन लाख वोटर गांव की सरकार का फैसला करेंगे। तीन जिलों में जिला पंचायत की 11 सीटें, जनपद की 65, सरपंच पद की 284 और पंच के 2923 पदों के लिए मतदान होगा।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अतर्गत कल जनपद पंचायत छुरिया के 118 पंचायतों के 298 मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 3 पद, जनपद पंचायत सदस्य के 25 पद, सरपंच के 118 पद एवं पंच के 1521 पदों के लिए निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत क्षेत्र छुरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 118 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 298 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 43 हजार 389 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 427, महिला मतदाताओं की संख्या 71 हजार 961 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 1 है।

इधर खैरागढ़ ब्लाक में आज पांच जिला पंचायत, 25 जनपद पंचायत, 109 सरपंच और 853 वार्ड पंच के लिए 70 हजार 942 पुरुष और 69 हजार 230 महिलाओं को मिलाकर कुल 1 लाख 40 हजार 172 मतदाता मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। 25 जनपद क्षेत्र वाले ब्लॉक में 25 सीटों के लिए 91 प्रत्याशी चुनावी मैदान में जोर आजमाईश कर रहे हैं। पांच ग्राम पंचायतों में सरपंच पद निर्विरोध आने के कारण 109 ग्रापं में चुनाव हो रहा है, जहां 406 मैदान में है। 643 वार्ड पंच निर्विरोध आ गए हैं, शेष 853 वार्ड पंच को लेकर 1898 अभ्यर्थी ताल ठोंक रहे हैं। वहीं एमएमसी जिले के मोहला ब्लॉक में जिला पंचायत की तीन, जनपद पंचायत की 15, सरपंच 57 एवं पंच के 549 पदों के लिए कल मतदान होगा।



### दांव पर नेताओं की प्रतिष्ठा

दूसरे चरण के मतदान में छुरिया ब्लॉक से जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में किरण रविन्द्र वैष्णव, राजकुमारी सिन्हा चुनावी मैदान में है। वहीं मोहला में जिला भाजपा की अध्यक्ष नम्रता सिंह मोहला सीट और विरेन्द्र मसीहा वासड़ी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। खैरागढ़ जिले में विप्लव साहू पाड़ादाह, पूर्व सांसद स्व. देवव्रत सिंह की सुपुत्री शताक्षी सिंह जालबांधा, पूर्व मंडी अध्यक्ष दशमत जंघेल जालबांधा से चुनावी मैदान में हैं।

### गांव में मनेगा चुनई तिहार

दूसरे चरण के मतदान को लेकर ग्रामीण इलाको में अच्छा खासा माहौल है। ग्रामीणो ने मतदान के दिन चुनई तिहार का भी आयोजन किया है। वहीं मतगणना के बाद जुलूस की भी तैयारियां की गई है।

### चार पदों के लिए ग्रामीण वोटर करेंगे मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान मतपत्र के जरिये कराए जाएंगे। वहीं सभी मतदाताओं को चार पदों के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र दिए जाएंगे। यदि कोई मतदाता किसी पद के लिए मतदान नहीं करना चाहता तो भी उसे अपना मतपत्र बिना किसी प्रत्याशी का चयन किए खाली मतपेटी में डालना होगा। चुनाव के तहत पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र तैयार कराए गए हैं।

## बालाघाट के जंगल में मुठभेड़ 3 वर्दीधारी महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ इंसास, एसएलआर और थ्री-नॉट-थ्री हथियार बरामद

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के सर्वाधिक नक्सलग्रस्त बालाघाट के अंदरूनी जंगल में बुधवार को हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमे 3 महिला नक्सली के मारे जाने की खबर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मप्र के बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रौंदा के जंगल में आज सुबह 11 बजे हॉक फोर्स के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। लगभग डेढ-दो घंटे चली फायरिंग में 3 वर्दीधारी महिला नक्सली मारी गई। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में ढ़ेर हुई महिला नक्सलियों की शिनाख्ती नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली मारी गई है। जिनका शव बरामद किया गया है। मुठभेड़ स्थल से जवानों को अत्याधुनिक हथियार, इंसास, एसएलआर और थ्री-नॉट-थ्री हथियार भी मिला है।

### कुछ नक्सली जख्मी

बताया जा रहा है कि मारी गई महिला नक्सली कान्हा-भोरमदेव नक्सल डिवीजन की है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से नक्सलियों की मौजूदगी की खबर गोपनीय तरीके से पुलिस तक पहुंच रही थी। पुख्ता सूचना के आधार पर आज गश्त पर निकले हॉक फोर्स के साथ नक्सलियों का आमना-सामना हो गया। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में कुछ और नक्सली जख्मी हुए हैं। गोलीबारी से घायल हुए कुछ नक्सलियों की चीख-पुकार भी सुनाई दी है। बहरहाल पुलिस ने पूरे इलाके में सर्चिंग तेज कर दी है।

## विजय जुलूस के दौरान जमकर मारपीट

**घुमका।** ग्राम बोटेपार के सरपंच पद के विजयी प्रत्याशी के विजय जुलूस के दौरान जमकर मारपीट होने की खबर है। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले की रिपोर्ट पर कांग्रेस के मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रि-स्तरीय पंचायती राज का चुनाव 17 फरवरी को संपन्न हुआ। 17 फरवरी को देर रात तक प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की संख्या बता दी गई। ग्राम बोटेपार में मतदान दलों ने मतों की गिनती प्रत्याशियों के एजेंटो को प्राप्त मतों की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराकर मतदान दल मतदान केंद्र से रवाना हो गए। दूसरे दिन 18 फरवरी मंगलवार को सरपंच पद पर विजय प्राप्त प्रत्याशी लोमीन वर्मा ने जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाली। इस विजय जुलूस में सरपंच पद में हारे हुए प्रत्याशी निर्मला वर्मा के पति चंद्रशेखर वर्मा पिता दशी वर्मा ने विजय जुलूस में शामिल अपने ही चचेरे भाई संतोष वर्मा को अपनी पत्नी के हार के लिए जिम्मेदार



बताते उनसे जमकर मारपीट कर दी। जिससे संतोष वर्मा लहुलुहान हो गया। बताया गया कि लहू से कपड़े भीग गए। घटना की रिपोर्ट थाना घुमका में की गई है। वहीं चंद्रशेखर वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते कहा कि आरोप लगाने वाले शराब के नशे में थे, मदहोशी में गिरे हैं। जिससे उनको चोंट आई है। थाना में शिकायत बदनाम करने की साजिश है।

**मामले की जांच :** टीआई बसंत बघेल ने उक्त घटना की पुष्टि करते बताया कि मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति भंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**राजनांदगांव।** बाइक में जा रहे व्यक्ति को अज्ञात बाइक चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 फरवरी को बाइक में सवार होकर गोपाल कोठारी ड्यूटी पर जा रहे थे। वे एक ढाबा के करीब ककरेल रोड में पहुंचे ही थे कि अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें 108 वाहन में उपचार हेतु सोमनी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी बृजलाल कोठारी ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## किसानों के खाते में पहुंची समर्थन मूल्य की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी की बकाया राशि किसानों के खाते में जारी कर दी गई है। शासन ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर की राशि पहले ही किसानों के खाते में अंतरित कर दी थी। वहीं अब समर्थन मूल्य की राशि 379 करोड़ रुपए किसानों के खाते में अंतरित की गई है ।

20 जनवरी से 31 जनवरी तक धान का विक्रय करने वाले किसानों के खाते में शासन द्वारा समर्थन मूल्य की राशि डाली गई है। राजनांदगांव जिले में लगभग 20 हजार किसानों के खाते में 379 करोड़ रुपए की राशि पहुंची है।




### किसानों के चेहरे खिले

धान का समर्थन मूल्य और अंतर की राशि किसानों के खाते में आने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं रुपए निकालने सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ भी देखी जा रही है। वहीं सहकारी बैंक द्वारा भीड़ को देखते हुए किसानों को उनके रुपए निकालने सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### शत-प्रतिशत भुगतान

प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों से किए सभी वायदों को पूरा किया है। धान खरीदी के समाप्त होने के साथ ही उन्हें अंतरण की राशि जारी की गई और जिन किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान नहीं किया गया था, उन्हें भी शत-प्रतिशत राशि जारी कर दी गई है।

**- सचिन बघेल**
अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

### खाते में पहुंची राशि

समर्थन मूल्य प्रधान खरीदी के दौरान 20 जनवरी से 31 जनवरी तक धान विक्रय करने वाले किसानों के खाते में समर्थन मूल्य की राशि नहीं मिली थी। वहीं किसानों को अंतर की राशि का भुगतान बीते दिनों ही कर दिया गया था। समर्थन मूल्य की बकाया राशि शासन द्वारा लगभग 20 हजार किसानों के लिए मंगलवार को 123 करोड़ 68 लाख रुपए जारी की गई। वहीं आज 145 करोड़ 93 लाख रुपए जारी की गई है। इस तरह से लगभग 379 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में पहुंची है।

### नवनिर्वाचित पार्षदों के सम्मान के साथ करारी हार की आज होगी समीक्षा

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक में बोलने की अनुमति नहीं, पराजित प्रत्याशियों को बंद लिफाफे में पीड़ा व्यक्त करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद नेताओं के बीच चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच कांग्रेस ने कल 20 फरवरी को सतनाम भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की है। इस बैठक में निगम चुनाव में निर्वाचित हुए आठ पार्षदों के सम्मान के साथ-साथ मेयर सहित 43 वार्ड में कांग्रेस के सुपड़ा साफ होने की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक के काफी हंगामेदार होने के आसार भी दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस संगठन ने हारे हुए प्रत्याशियों को दो टूक शब्दों में कह दिया है कि उन्हें समीक्षा बैठक में बोलने की अनुमति नहीं है। वे अपनी बात बंद लिफाफे के जरिये दे सकते हैं।



मिली जानकारी के अनुसार निगम चुनाव में भाजपा को एकतरफा मिली जीत के बाद कांग्रेसी खेमा सदमे में है। हालात यह है कि नेताओं के बीच ही हार को लेकर आरोप और प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मेयर के प्रत्याशी निखिल द्विवेदी सहित पार्षद पद के कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा ऐन चुनाव में संगठन स्तर पर मदद नहीं मिलने और भीतरघात किए जाने की शिकायतें भी की जा रही है। इस बीच कांग्रेस ने कल 20 फरवरी को सतनाम भवन में शाम चार बजे समीक्षा बैठक आहूत की जा रही है। समीक्षा बैठक में हारे हुए कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा हंगामा मचाए जाने की आशंका के बीच कांग्रेस संगठन ने बोलने की अनुमति नहीं दी है। प्रत्याशियों से यह कहा गया है कि वे अपनी बात लिखकर एक बंद लिफाफे में संगठन को दे सकते हैं।

### गिरीश की उपस्थिति में बैठक

कांग्रेस द्वारा आहूत बैठक में कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा तथा कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश डाकलिया उपस्थित रहेंगे। बैठक में अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### भीतरघात से जूझते रहे प्रत्याशी

नगर निगम चुनाव के दौरान मेयर सहित वार्ड पार्षद के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी भीतरघात से जूझते रहे। हालात यह भी निर्मित रहे कि जिन वार्डों में कांग्रेस के बागी प्रत्याशी मैदान में उतरे हुए थे, उन्हें पार्टी से बाहर करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा मांग की जाती रही, लेकिन कांग्रेस संगठन ने मतदान निपटने के बाद उन्हें पार्टी से बाहर किया।

### प्रदर्शन की भी तैयारी

वार्ड चुनाव में भीतरघात से जूझते रहे कांग्रेस प्रत्याशियों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति निर्मित है। ऐसी चर्चा है कि कुछ प्रत्याशियों द्वारा बैठक में प्रदर्शन कर भीतरघात करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की जा सकती है।




**खबर संक्षेप**

## महाशिवरात्र पर्व 24 से, शहनाज की प्रस्तुति 25 को

**डोंगरगढ़।** नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम रखा गया है। नीचे शिव मंदिर परिसर में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। मेला में खाद्य स्टॉल, झूला, मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु जम्पिंग झपाक, मिक्की माऊस आदि के स्टॉल लगेंगे। आगामी 24 फरवरी रायपुर के प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा भजन की प्रस्तुति रात्रि बजे 8 बजे से देंगे। इसी कड़ी में आगामी 25 फरवरी को सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर भजन की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से देंगी। आगामी 26 फरवरी को प्रसिद्ध जस गायक दिलीप षड़ंगी का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्र के मौके पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर में श्री शिव पूजा के लिए बेलपत्ती, दुध की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। ट्रस्ट समिति ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

## संत समागम में शामिल हुई विधायक



**डोंगरगढ़।** विधायक विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने परसबोड़ में आयोजित श्री सदगुरू कबीर सत्संग में हिस्सा लिया। उन्होंने सभी से सद्गुरु कबीर की वाणी को जीवन में उतारने का आव्हान किया। उन्होंने अपने अंदर की बुराई को खत्म कर सत्य की राह पर चलने की बात कही। इस मौके पर श्रवण चक्रधारी, खेमेश्वरी पुरुषोत्तम वर्मा, जगन सेन, दुर्गेश सिंहा, राकेश वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, राजकुमार साहू आदि मौजूद थे।

## ऑनलाइन ठगी से छात्रों को किया जागरूक

**डोंगरगांव।** बीआर अंबेडकर महाविद्यालय में ऑनलाईन ठगी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम के मार्गनिर्देशन में एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर रूपेश जैन, सेल्स मैनेजर प्रकार राणा ने ऑनलाईन बैंकिंग धोखाधाड़ी के बारे में विद्यार्थियों से विस्तारपूर्वक चर्चा किया। डिप्टी मैनेजर रूपेश जैन ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सिस्टम से अवगत कराया। उन्होंने व्याख्यान में ऑनलाईन फिशिंग से बचने और डुप्लीकेट वेबसाईट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ओटीपी नंबर, सीवीवी नंबर गुप्त रखने के फायदे बताए। मैसेज के जरिये धोखाधड़ी, स्कैम लिंक के दुरूपयोग से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में आशीष सिन्हा, धनंजय सिन्हा, अखिलेश परेत, मंजु सोनकर, डिम्पल साहू, अनुराग मिश्रा आदि शामिल हुए। अंत में पेंटिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पेंटिग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**निधन**

## रमेशकुमार दुबे



**डोंगरगढ़।** मंगलवार रात को पं. रमेश कुमार दुबे का 64 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्व. दुबे विगत 40 सालों से मां बम्लेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक थे। उनका अंतिम संस्कर मुक्तिधाम में किया गया।

## बलराम महोबिया



**डोंगरगढ़।** नगर के बलराम महोबिया का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

### हैंडपंपों से भी नहीं निकल रहा पर्याप्त पानी

# गर्मी से पहले पानी की मारामारी सूखने लगे नदी- नाले और कुएं

**जल संकट से जूझेंगे मानव और मवेशी, निदान का प्रयास नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत कातलवाही, मुसरा आरवीरा, झिटिया सहित अन्य में अभी से पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। गर्मी के शुरूवाती दिनों में ही लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मुसरा, कातलवाही में टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसा ही हाल रहा तो गर्मी के दिनों में गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार गर्मी के सीजन में कुछ ग्राम पंचायत में हमेशा पानी की समस्या रहती है। कुछ जगह तो पैसे में खरीद कर पानी लाया जाता है। साल दर साल उपजने वाले जल संकट को देखते हुए प्रशासन ने संकट वाले क्षेत्र के किसानों को धान की डबल फसल बोने से मना किया था ताकि ग्रामीणों को जल संकट से जूझना न पड़े। प्रशासन की इस सलाह का कुछ नेताओं ने राजनीतिकरण करते हुए किसानों को उकसा कर धरने पर बैठा दिया था। नेताओं के बहकावे में आकर किसानों ने धान की डबल फसल बो तो दिया और जल का अंधाधुंध दोहन किया जिसके बाद जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अभी से नदी- नाले सूख गए है और आने वाले दिनों संभावना है कि ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ सकता है।



### गांव में बिगड़ने लगे हालात

जानकारी के अनुसार खैरागढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत परसाही में भी पानी की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। गांव के राधेश्याम, बालाराम सहित अन्य ने बताया कि पंचायत के वार्ड नंबर 2 एवं 3 में पानी की समस्या होने से लोग बहुत परेशान हैं। पंचायत पदाधिकारियों को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है किंतु वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्डों में लगे हैंडपंप और बोर काफी समय से खराब है। पानी के लिए कोई अन्य साधन नहीं है जिसके कारण उन्हे पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

**जल स्रोत बचाने की जरुरत**

पानी की समस्या कई वर्षों से है, इसके बाद भी प्रशासन पानी के स्रोतों को बढ़ाने एवं जल संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं है। जल के दुरूपयोग को रोकने कठोर नियम नहीं होने से लोग मनमाने तरीके से जल दोहन करने के अलावा दुरूपयोग करने से बाज नहीं आते है जिसका खामियाजा गर्मी के दिनों में लोगों को भुगतना पड़ता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जल संकट भी बढ़ जाएगा।

### घटने लगा जल स्तर

**चिचोला।** फरवरी माह में धूप तेज होने के साथ जल संकट गहराने लगा है। गर्मी बढ़ते ही भू-जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। नदी-नालों में पानी कम होने लगा है। पानी वाले स्थान पर रेत अधिक नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है।जानकारी के अनुसार चिचोला क्षेत्र के आसपास स्थित नदी- तालाब सूखने के कगार पर हैं। नदी और तालाबों के सूखने से भविष्य में जानवरों की परेशानी बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि इस बार अच्छी बारिश होने से नदी, नाले, कुआं लबालब हो गए थे किन्तु जनवरी माह शुरू होने के साथ जल स्तर तेजी से कम हो रहा है।



## चुनाव में जीत के बाद आभार जताने शहर में निकली रैली




- वार्ड 15 में अध्यक्ष और पार्षद को मिले बराबर वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 15 में कांग्रेस के अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशी को काफी लीड मिली थी।अध्यक्ष पद पर युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो एवं पार्षद पद पर दिलीप ओगरे जीत के बाद बुधवार को वार्ड में मतदाताओ का आभार जताने रैली निकाला गया। नव निर्वाचित पार्षद दिलीप अनिता ओगरे ने वार्डवासियों का मुंह मीठा कराया और आभार व्यक्त किया। रेस्ट हाउस से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, क्रांति ताम्रकर, मोहसिन खान, रूख्मणी देवांगन, लियाकत अली, नारायण चतुर्वेदी, अमित टंडन, विक्की कुर्रे, हरि सेन सहित अन्य ने रैली में शामिल होकर जनता का आभार जताया। इस दौरान धुमाल की धुन पर कार्यकर्ता थिरकते नजर आए। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि वार्ड 15 में पार्षद और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को समान वोट मिला थे। पार्षद ओगरे ने बताया कि वार्ड 15 के वोटर्स ने दूसरी बार जिताया है।

### हाइवे की लाइट महीनों से बंद

**चिचोल।** नेशनल हाईवे में लगी हाईमास्ट लाइट के बंद होने से अंधेरा पसरा रहता है। बस स्टैण्ड और अंडरब्रिज के पास लगे हाईमास्ट लाईट महीनों से बंद है। लाईट को चालू करने की दिशा में फोरलेन कंपनी ध्यान नही दे रही है जिससे पूरी रात अंधेरा रहता है। टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है जिसके चलते गांव में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। जानकारी के अनुसार गत 6 फरवरी की रात्रि को 2 से 3 दुकान का शटर तोड़कर नगदी और सामान चोरी चले गए। इसी प्रकार दीपावली के आसपास तरुण जनरल स्टोर का शटर तोड़कर चोरी किया गया था। हाई मास्ट लाइट बंद होने से लोगों को भी परेशानी हो रही है।



## पटेवा की सरपंच बनी लक्ष्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम पंचायत पटेवा में सरपंच के पद पर लक्ष्मी रविलाल वर्मा निर्वाचित हुई है। श्रीमती वर्मा 177 वोट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। सरपंच पद के लिए 7 प्रत्याशी मैदान में थे। श्रीमती वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी वर्तमान सरपंच मिथलेश कुमार साहू को 177 वोटों से मात देकर नवनिर्वाचित हुई। जानकारी के अनुसार नव निर्वाचित सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा को 716, शिम्पी मिथलेश साहू को 539, विनिता प्रमोद दुबे को 444, अनुसुइया रोहित पाल को 179, बिंदु भागीरथी साहू को 40, सरस्वती हिरेंद्र साहू को 38, दुलारी पुरषोत्तम को 9 वोट मिले। इसी प्रकार ग्राम पंचायत इरईकला से ललित साहू ने अपने निकटतम प्रतिदंदी को 280 मतो के अंतर से पराजित किया। राजनांदगांव जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 3 में तुलसी योगेश्वर साहू ने अपने प्रतिद्वंद्वी चन्द्रकला निषाद को 498 वोट से हराकर विजय श्री प्राप्त किया। चन्द्रकला निषाद को 1665, नीतू राजेश को 968, बिंदु बलदेव वर्मा को 772 वोट मिले।

# गांवों में बढ़ी चुनावी हलचल, प्रचार अभियान उफान पर

### 80 फीसदी गांव में पहुंची जागृति यदु

**डोंगरगांव ।** त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 6 आसरा में दूसरी बार चुनाव मैदान में उतरी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु को ग्रामीणों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान के पूर्व सभी गांव और ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए श्रीमती यदु लगातार दौरा कर रही हैं। गांव-गांव में उनका भव्य स्वागत हो रहा है। नुक्कड़ सभा लेकर वह ग्रामीणों से रूबरू हो रही है। उल्लेखनीय है कि बीते कार्यकाल में श्रीमती यदु निर्वाचन क्षेत्र केगांव में होने वाले छोटे बड़े आयोजनों में लगातार उपस्थिति दर्ज कराते रही है।

वहीं उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से गांव और ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जिसका सीधा लाभ उन्हे मिल रहा है। बीते दिनों जागृति यदु ने टोलागांव, ओड़ारबांध, गाताटोला, टप्पा, मलईडबरी, माहुल झोपड़ी, जामसरारखुर्द और जारवाही पहुंचकर जनसंपर्क किया। चुनाव प्रभारी फागूराम सिन्हा के नेतृत्व में श्रीमती यदु का प्रचार गांव के कार्यकर्ता कर रहे हैं। श्रीमती यदु अब तक 80 फीसदी ग्रामों में पहुंच चुकी हैं।







### ग्रामीणों के बीच पहुंचे महेन्द्र, मांगा समर्थन

**तुमडीबोड़।** जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़ के प्रत्याशी महेन्द्र यादव ने ग्राम खैरा, मुसराकला, खुरमुड़ी, बिल्हरी, पुरैना, पारागांव खुर्द, बोदेला और सिवनी में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष बीते दस साल के कार्यकाल में किए गए कार्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष को रखते हुए कहा कि जो आप के लिए हमेशा तत्पर रहे उसके पक्ष में मतदान करे। उन्होंने कहा कि वह नेता नहीं बेटा के रूप में वोट मांगने आए हैं। जनसंपर्क के दौरान गांव के महिला- पुरूष और युवाओं ने उनका आत्यमीता से स्वागत किया।

### रीता की जीत से विकास में आएगी तेजीः जयश्री

**अर्जुनी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूरे शबाब पर है। गांवों में चहुंओर चुनावी शोर सुनाई दे रहा है। मतदान की तिथि करीब आने के साथ बड़े नेताओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 की कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रीता नाहटा को जीत दिलाने के लिए विधायक दलेश्वर साहू की पत्नी जयश्री साहू भी प्रचार में जुट गई है। उन्होंने गत दिनों श्रीमती नाहटा, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा आदि के साथ विभिन्न ग्रामों में जाकर ग्रामीणों से समर्थन मांगा। उन्होंने नुक्कड़ सभा में कांग्रेस प्रत्याशी के पति और निवर्तमान जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा की कार्यशैली और विकास परक सोच को लोगों के सामने रखा।

**चन्द्रगिरी में मुनिश्री का प्रवचन**

# समाधि हो साधक के जीवन का लक्ष्य : समता सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्रमण संस्कृति के उन्नायक आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि के एक वर्ष उपरांत आयोजित विनयांजलि सभा में निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने धर्म सभा में कहा कि साधक का लक्ष्य साधना को आगे बढ़ाते हुए समाधि प्राप्त करने होना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि सम्यक्त्व और समाधि दो महत्वपूर्ण विंदु है, जिनसे भव्य आत्माएं साधक बन कर अपने निर्वाण को प्राप्त करते है। जैन दर्शन का सार यही है कि जीवन में सम्यक्त्व की प्राप्ति हो, और उपसंहार में समाधि मरण हो। उन्होंने आचार्य श्री को याद करते हुए कहा कि वह अपने साधना काल में यही अनुभव करते रहे, और सभी को प्रेरणा देते रहे कि हमेशा मन में प्रतिक्रमण एवं समाधि का भाव रहे।




**समाधि के बिना जीवन अधूरा**

मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि मंदिर कितना भी भव्य बन जाए। उसमें बेदी और श्री जी विराजमान हो जाएं, लेकिन शिखर पर कलशारोहण नहीं है तो वह मंदिर अधूरा होता है ऐसे ही अपने जीवन में कितने भी व्रत उपवास कर लो किन्तु अंत यदि समाधि न हो तो जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने शारीरिक प्रतिकूलता के बाद भी लक्ष्य को पाने में पूर्ण चेतना के साथ निस्प्रहतः भावों से अपने लक्ष्य को हासिल किया।

**संगीतमय पूजन**

प्रतिभास्थली की सोनल दीदी एवं मीनल दीदी ने अपने स्वरों से आचार्य श्री की भावनात्मक संगीतमय पूजन किया। अपनी मृत्यु को मृत्यु महोत्सव मनाने की कला के साथ सभी त्यागी वृति परिवार के सदस्यों ने सामूहिक अर्घ समर्पित कराया। इस अवसर पर जबलपुर, ललितपुर, इंदौर, रामटेक तथा डोंगरगढ़ प्रतिभास्थली की शिक्षिकाओं ने अपने अपने संस्मरण सुनाएं। उन्होंने कहा कि गुरुदेव कभी श्रेय नहीं लेते थे बल्कि हमेशा अपने गुरु को याद करते थे।

## पहाड़ में तेंदुआ होने का शोर



**छुरिया।** नगर में लम्बे वक्त बाद तेंदुआ की मौजूदगी का शोर सुनाई दे रहा है। कुछ लोगों ने सबसे पहले पहाड़ पर तेंदुआ को बैठे देखा। मां दन्तेश्वरी मंदिर ऊपर पहाड़ी में जहां हनुमान जी विराजमान हैं के ठीक नीचे पहाड़ में तेंदुआ होने की खबर के बाद उसे देखने नगर सहित आसपास के लोग उमड़ रहे हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तेंदुआ है या नहीं। जानकारी के अनुसार करीब दस साल पहले तक उक्त पहाड़ में तेंदुआ देखने मिलता था।सोमवार से तेंदुआ की आहट नगर में सुनाई दे रही है। पहाड़ में पेड़ के पास बैठे होने की जानकारी लोग दे रहे है किन्तु कोई भी तेंदुआ को लेकर स्पष्ट नहीं बता रहा है। नगर के पुराना बस स्टैंड के पास से तेंदूआ को देखने लोगों हूजूम उमड़ रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि पहाड़ के खोल में तेंदूआ चला गया है। पूर्व में तेंदुआ को इसी पहाड़ी में देखा जा चुका है।

## कांग्रेस से खफा पिछड़ा वर्ग

**डोंगरगढ़।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद भी कांग्रेस जिले में दबदबा कायम रखने में कामयाब रही थी किन्तु निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पार्टी की आपसी कलह खुलकर सामने आ रही है। वर्तमान प्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों में नाराजगी देखने मिला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के त्यागपत्र देने के बाद पिछडा वर्ग के लोगों में नाराजगी देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि साहू समाज के लोग जल्द ही कांग्रेस से नाता तोड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ब्लाक के कई लोग कुछ जनप्रतिनिधि की मोनोपल्ली के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कॉलेज के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए 18 फरवरी को शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया। यह भ्रमण आईबी ग्रुप (एबीस) इंदामारा राजनांदगांव में आयोजित किया गया, जहां छात्रों ने उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा।भ्रमण की मुख्य आयोजक आभा प्रजापति ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था। जिससे वे अपने अकादमिक अध्ययन को वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों से जोड़ सकें। छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन रणनीतियों और नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आईबी ग्रुप (एबीस) के दुष्यंत हेड़ाउ समेत अन्य विशेषज्ञों ने छात्रों को औद्योगिक चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों के व्यवसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने इस भ्रमण से मिली जानकारी को उपयोगी बताया और कहा कि यह अनुभव उनके करियर निर्माण में सहायक होगा। इस भ्रमण का सफल आयोजन महाविद्यालय के फैकल्टी अभा प्रजापति, धनंजय साहू एवं देविका देवांगन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया।

### निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न करने दी शुभकामनाएं

# कलेक्टर ने मतदान दलों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं एसपी यशपाल सिंह ने पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायतों में निर्वाचन कार्य को संपन्न करने नियुक्त मतदान दलों को निर्धारित मतदान केंद्र के लिए शुभकामनाएं देते रवाना किया। शासकीय लाल श्यामशाह महाविद्यालय से मतदान दलों को निर्धारित मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। मतदान दलों को कलेक्टर ने शुभकामनाएं देते निष्पक्ष पारदर्शी और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न करने निर्देशित किया।



कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने मतदान दलों को शुभकामनाएं देते कहा कि निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संपन्न कराएं। उन्होंने सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और महती योगदान देने कहा। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों को सजग रहने और बिना किसी भय के मतदान कार्य को संपादित करने कहा। उन्होंने मतदान दलों को दायित्व निर्वहन में पूरी तरह से गंभीरता के साथ दायित्व पालन करने कहा। सभी मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान के दौरान किए जाने वाले दायित्वों के लिए तैयार है। मतदान दल मतदान कार्य को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए तैयार हैं।

### खैरागढ़ जनपद के 340 मतदान केन्द्र में आज होगा मतदान

**खैरागढ़।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत द्वितीय चरण में कल 20 फरवरी को जिले के खैरागढ़ विकासखंड क्षेत्र के 114 ग्राम पंचायत के 340 मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। आज जिला मुख्यालय खैरागढ़ स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान से मतदान सामग्री लेकर दल संबंधित केन्द्रों के लिए रवाना हुए। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने मतदान दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सामग्री वितरण स्थल का मौका निरीक्षण कर मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर पूजा पींचा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### जनपद पंचायत छुईखदान विजयी प्रत्याशियों की सूची

| | |
|---|---|
| 1-नचनिया | लीला मेरावी |
| 2-रामपुर | रीना यदु |
| 3-खादी | श्रीमती कौशल ठाकरे |
| 4-गेरूखदान | मन्नूलाल मरकाम |
| 5-दरबानटोला | कांशीराम पोर्ते |
| 6-ठाकुरटोला | प्रेमलाल साहू |
| 7-जीराटोला | संगीता जंघेल |
| 8-दुल्लापुर | रिखीराम पटेल |
| 9-कृतबांस | नीना ताम्रकार |
| 10-नादिया | सरिता पटेल |
| 11-पेण्डरवानी | मनोज चतुर्वेदी |
| 12-पथर्रा | राजूराम लोधी |
| 13-हनईबन | रमेश साहू |
| 14-उदान | सुधीर गोलछा |
| 15-समुंदपानी | मंगलबती धुर्वे |
| 16-बीरूटोला | दुलिया बाई नेताम |
| 17-गर्रा | संतोषी जोशी |
| 18-खैरानवापारा | डोमारसिंह भेड़िया |
| 19-कानीमेरा | राजिम बाई चंदेल |
| 20-झूरानदी | होमेश्वरी वैष्णव |
| 21-विचारपुर | सुमरित जंघेल |
| 22-पद्मावतीपुर | पुष्पाबाई जंघेल |
| 23-खैरी | कुसुम |
| 24-बोरई | यशवंत कुमार जंघेल |
| 25-पंडरिया | ज्योति जंघेल |

## जैनम की वार्ड में सर्वाधिक मतों से जीत, वर्षों का रिकॉर्ड टूटा

**राजनांदगांव।** नगर निगम के सबसे युवा पार्षद जैनम बैद ने अपने वार्ड में जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। वार्ड क्र. 37 महावीर वार्ड से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर उन्होंने 845 मतों से बड़ी जीत दर्ज की है। इस वार्ड में भाजपा के सामने चुनौतियां कम नहीं रही है। पिछली दफा भी यहां से भाजपा को जीत जरूर हासिल हुई थी, लेकिन मतों का अंतर कम था। इस बीच मौजूदा चुनाव में भाजपा ने युवा नेता जैनम बैद को अपना प्रत्याशी बनाया। उन्होंने संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए न सिर्फ ये सीट बचाई, बल्कि उनकी जीत कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण जीत के बाद कयास है कि जैनम को निगम में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।



उल्लेखनीय है कि जैनम ने जमीनी स्तर पर कई साल मेहनत की है। जैनम पिछले कई सालों से समाजसेवा में सक्रिय है। इसके अलावा भाजपा संगठन में भी उन्होंने अपनी जगह बनाई है। संगठन योग्यता को देखते हुए उन्हें भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ दक्षिण मंडल के संयोजक पद की महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी थी। जैनम को महापौर परिषद में जगह दिए जाने की भी मांग सामने आ रही है।

## डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ियों में लगी भीषण आग

**राजनांदगांव।** जिले की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ियों में बुधवार की देर शाम भीषण आग लग गई। पहाड़ में लगे घने पेड़ आग की चपेट में आ गए जिससे और तेजी से फैलने लगी। आग इतनी भयानक थी कि शहर के किसी भी इलाके से इसे देखा जा सकता था। आग का विकराल रूप देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की वजह से पूरे इलाके और पहाड़ी पर धुएं का गुबार छा गया। आग का विकराल रूप देखकर स्थानीय लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुरुआत में उन्हें पहाड़ी पर एक तेज रोशनी की चमक दिखी, जिसके बाद वहां पर आग की लपटें बढ़ने लगी। आग की लपटों को भड़कता देख इलाके में दहशत का माहौल था। शहर के विभिन्न हिस्सों से भी आग साफ तौर पर दिखाई दे रहा था।

- घने पेड़ आए चपेट में जिससे तेजी से हो रहा फैलाव
- शहर से दिख रही आग मचा हड़कंप



### दमकल अमला आग को काबू करने में जुटा

आशंका जताई जा रही है कि असामाजिक तत्वों द्वारा इस आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल अमला घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाने की कवायद में जुट गया।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर महाआरती का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर शहर के शिवाजी पार्क में महाआरती एवं दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्रपति शिवाजी धर्म रक्षक समिति, कुनबी समाज, कुर्मी समाज, मराठा समाज एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवाजी पार्क स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। समाज के अनुयायियों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा कर सैकड़ों दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान जय भवानी-जय शिवाजी का नारा गूंजता रहा।

### प्रसादी वितरण किया गया

कार्यक्रम के दौरान मां भवानी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। छत्रपति शिवाजी धर्म रक्षा समिति के मानव देशमुख ने बताया कि आयोजन का यह चौथा वर्ष है। इससे पहले शहर में धर्मरक्षा यात्रा निकाली जाती रही है। वहीं इस वर्ष भव्यदीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### 21 को मोरिशस से आएंगे संत-महापुरुष

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में सद्गुरू कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत विदेश मोरिशस से कबीर पंथ अनुवायी पूज्य संत महंतों का जत्था 21 फरवरी को आगमन होगा। विदेश मोरिशस से पधारने वाले महंत साहेब में परम पूज्य महंत डॉ. श्याम दास साहेब कबीर मंदिर बोने टेरे वाकोअस मांरिशस, महंत गिरिजानंद अंगोतीया ग्लेन पार्क वाकोआस मारिशस, पूज्य श्री नलिनी बाइचू एवेन्यू रेमी फीनिक्स मारिशस, पूज्य श्री रीता देवी सुंगकुर हाइलैंड्स रोड फीनिक्स मारिशस से कबीर दर्शन यात्रा हेतु भारत आगमन होगा।

### नांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से किया पराजित

# रायपुर, बिलासपुर, कबीरधाम और मेजबान नांदगांव ने की विजयी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया, हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी के तत्वावधान में आयोजित अस्मिता हॉकी राज्य स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने जांजगीर-चांपा को 9-0 गोल से व दूसरा मैच बिलासपुर ने कांकेर को 3-0 गोल से पराजित किया। कबीरधाम ने दुर्ग को 11-1 गोल से पराजित किया। वहीं चौथे मैच मेजबान राजनांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से पराजित करते अपना विजय अभियान प्रारंभ किया।

स्पर्धा का शुभारंभ महिला आयोग की पूर्व सदस्य रेखा मेश्राम, पार्षद मणिभास्कर गुप्ता, पार्षद छोटेलाल रामटेके, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का समेत नीलमचंद जैन, भूषण साव, प्रकाश शर्मा, प्रिंस भाटिया, महेन्द्र सिंह ठाकुर, सांई की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में दिव्या और प्रियंका एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों व सदस्यों की उपस्थिति रही। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में मंगलवार से प्रारंभ हुई अस्मिता हॉकी राज्य स्तरीय लीग बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के शुभांरभ अवसर पर मुख्य अतिथि रेखा मेश्राम ने कहा कि राजनांदगांव शहर हॉकी की नर्सरी के नाम से सालों से जाना जाता रहा। अध्यक्षता करते मणिभास्कर गुप्ता ने कहा कि सरकार हर संभव मदद खेलो व खिलाड़ियों के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर खेलो के संवर्धन के लिए हमेशा आगे रहेंगे।



### रायपुर ने जीता पहला मैच

स्पर्धा के तहत 18 फरवरी को सुबह दो मैच खेला गया। जिसमें पहले मैच में हॉकी हॉकी स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने जांजगीर-चांपा को 9-0 गोल से पराजित किया। स्पोटर्स अकादमी रायपुर कीओर से नम्रता ने 4 गोल, नहेश्वरी ने 2 गोल, नेहा, नंदिता व मिना ने 1-1 गोल किया। वहीं जांजगीर-चांपा ने एक भी गोल नहीं कर पाई। दूसरा मैच बिलासपुर विरूद्ध कांकेर के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने कांकेर को 3-0 गोल से पराजित किया। बिलासपुर की ओर से रिया, डॉली व मधु सिंदार ने 1-1 गोल किया। तीसरा मैच कबीरधाम विरूद्ध दुर्ग के मध्य खेला गया। जिसमें कबीरधाम ने एकतरफा मुकाबले में दुर्ग को 11-1 गोल से पराजित किया। कबीरधाम की ओर से यशोदा ने 7 गोल, देवकी, रूखमणी व मोनिका ने 1-1 गोल किया। वहीं दुर्ग की ओर से अक्शप्रविण ने 1 गोल किया। चौथा व अंतिम मैच मेजबान राजनांदगांव विरूद्ध कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें मेजबान राजनांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से पराजित किया। मेजबान राजनांदगांव की ओर से शितल यादव ने 10 गोल, अक्षिता अहूजा ने 4 गोल, दुबी रावत ने 3 गोल, सिमरण ने 2 गोल कर विजयी शुरूआत की।

### खिलाड़ी दिखा रहे खेल कौशल

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया एवं हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार ग्रासरूट हॉकी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अस्मिता हॉकी राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित की जा रही है। जिसमें बहुत से ऐसे जिले हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन दिखाने का मौका नहीं मिल पाता है, उन्हें ऐसे आयोजनों से खेलने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत भी किया गया। अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर आशा थॉमस, अनुराज श्रीवास्तव, तीरथ गोस्वामी, सचिन खोब्रागडे, शकील अहमद, हारून खान, अभिनव मिश्रा, किशोर धीवर, दिलीप रावत, खेमराज सिन्हा, कृष्णा यादव, रूपेश जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।










कांग्रेस आलाकमान ने जताया भूपेश पर भरोसा
छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजनों की ओर से आभार
छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र और किसानों के हितरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री
मान. भूपेश बघेल जी
को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर
हार्दिक बधाई...
मान. गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. बृजेश शर्मा
प्रभारी राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी
संयुक्त महासचिव - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भी भाजपा को भरपूर जन-आशीर्वाद मिल रहा है

# नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज हो चुका है और पहले चरण में भाजपा प्रत्याशी, कांग्रेस प्रत्याशियो को एक बार फिर पटखनी देकर चुनाव में फतह हासिल कर लिए है। प्रथम दौर के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में 160 जिला पंचायत की सीटों पर भाजपा के 108 और भाजपा समर्थित 17 निर्दलीय (कुल 125) प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का झण्डा फहरेगा और फिर केन्द्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार के बाद निकायों और पंचायतों में ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्य तीव्र गति से करेगी। हमारी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सौम्य चेहरा, मोदी की गारंटी पर जनता का भरोसा और राज्य में सुशासन की बयार की वजह से जनता का समर्थन भाजपा को लगातार मिल रहा है। पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने भाजपा की प्रदेश सरकार के 13 महीने के कार्यकाल में हुए कामों की चर्चा करते हुए कहा कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनने की प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। 6 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास का पैसा दे दिया गया है। प्रदेश के 15.50 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस का भुगतान सरकार बनते ही कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में साय सरकार में महिला शक्तिकरण पर जोर देते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रही है। 5 लाख 62 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना दिया जा रहा है। आदिवासी अंचलों में 12 लाख लोगों से 5500 रुपए में तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रत्येक जनता को प्रदेश की भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। अपने काम और घोषणापत्र में व्यक्त संकल्पों की पूर्ति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने प्रदेश के शहरों-नगरों के साथ ही गांव-गांव में भाजपा के प्रति अगाध विश्वास पैदा किया है और अब त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भी भाजपा को भरपूर जन-आशीर्वाद मिल रहा है। विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। श्री शर्मा ने ग्राम और ग्रामों के विकास व कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा कर कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों के कल्याण और उनकी समृद्धि के लिए अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए। अन्नदाता किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। छत्तीसगढ़ का किसान अब खाने-कमाने के साथ ही खजाने के लिए भी खेती-बाड़ी कर रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के प्रति संवेदनशील साय-सरकार ने फिर से चरण पादुका वितरित करने का निर्णय क्रियान्वित किया, जिसे कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने बंद करके अपने घोर आदिवासी विरोधी चरित्र का परिचय दिया था।

### सभी वर्गो के जनहित वाली कार्य योजना



पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में एक ओर जहां 70 लाख महिलाओं के खाते में हर माह महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रुपए की राशि जमा करके आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम हो रहा है, वहीं ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने 202 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बन रहे हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से महतारी सदन बनाने 50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान कर वर्तमान में 179 महतारी सदन के निर्माण हेतु 44.21 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने ग्राम पंचायतों को और अधिक अधिकार सम्पन्न बनाकर उन्हें विकास और रोजगार परक कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने के साथ ही पंचायत सचिवों के आर्थिक हितों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में वर्ष 2024-25 हेतु 1100 लाख मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के विरूद्ध 989 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं जो वार्षिक लक्ष्य की 90 प्रतिशत उपलब्धि है। इसमें 23 लाख से अधिक परिवारों के लगभग 40 लाख व्यक्तियों द्वारा कार्य किया गया है, जिनमें आधे से अधिक रोजगार महिलाओं द्वारा सृजित किए गए हैं। सृजित मानव दिवस में अनुसूचित जाति द्वारा 10 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति द्वारा 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी रही। मनरेगा योजनांतर्गत श्रमिकों का इलेक्ट्रानिक फण्ड मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से 15 दिवस के भीतर लगभग शत-प्रतिशत भुगतान किए गए है। अब तक श्रमिकों को कुल 2,147 करोड़ रुपए का मजदूरी भुगतान किया गया है।

# गर्मी से पहले पानी की मारामारी सूखने लगे नदी- नाले और कुएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

- हैंडपंपों से भी नहीं निकल रहा पर्याप्त पानी

डोंगरगढ़ विकासखंड के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत कातलवाही, मुसरा आरवीरा, झिटिया सहित अन्य में अभी से पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। गर्मी के शुरूवाती दिनों में ही लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मुसरा, कातलवाही में टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसा ही हाल रहा तो गर्मी के दिनों में गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार गर्मी के सीजन में कुछ ग्राम पंचायत में हमेशा पानी की समस्या रहती है। कुछ जगह तो पैसे में खरीद कर पानी लाया जाता है। साल दर साल उपजने वाले जल संकट को देखते हुए प्रशासन ने संकट वाले क्षेत्र के किसानों को धान की डबल फसल बोने से मना किया था ताकि ग्रामीणों को जल संकट से जूझना न पड़े। प्रशासन की इस सलाह का कुछ नेताओं ने राजनीतिकरण करते हुए किसानों को उकसा कर धरने पर बैठा दिया था। नेताओं के बहकावे में आकर किसानों ने धान की डबल फसल बो तो दिया और जल का अंधाधुंध दोहन किया जिसके बाद जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अभी से नदी- नाले सूख गए है और आने वाले दिनों संभावना है कि ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ सकता है।



### गांव में बिगड़ने लगे हालात

जानकारी के अनुसार खैरागढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत परसाही में भी पानी की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। गांव के राधेश्याम, बालाराम सहित अन्य ने बताया कि पंचायत के वार्ड नंबर 2 एवं 3 में पानी की समस्या होने से लोग बहुत परेशान हैं। पंचायत पदाधिकारियों को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है किंतु वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्डों में लगे हैंडपंप और बोर काफी समय से खराब है। पानी के लिए कोई अन्य साधन नहीं है जिसके कारण उन्हे पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### घटने लगा जल स्तर

**चिचोला।** फरवरी माह में धूप तेज होने के साथ जल संकट गहराने लगा है। गर्मी बढ़ते ही भू-जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। नदी-नालों में पानी कम होने लगा है। पानी वाले स्थान पर रेत अधिक नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है।जानकारी के अनुसार चिचोला क्षेत्र के आसपास स्थित नदी- तालाब सूखने के कगार पर हैं। नदी और तालाबों के सूखने से भविष्य में जानवरों की परेशानी बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि इस बार अच्छी बारिश होने से नदी, नाले, कुआं लबालब हो गए थे किन्तु जनवरी माह शुरू होने के साथ जल स्तर तेजी से कम हो रहा है।

# चुनाव में जीत के बाद आभार जताने शहर में निकली रैली



- वार्ड 15 में अध्यक्ष और पार्षद को मिले बराबर वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 15 में कांग्रेस के अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशी को काफी लीड मिली थी।अध्यक्ष पद पर युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो एवं पार्षद पद पर दिलीप ओगरे जीत के बाद बुधवार को वार्ड में मतदाताओ का आभार जताने रैली निकाला गया। नव निर्वाचित पार्षद दिलीप अनिता ओगरे ने वार्डवासियों का मुंह मीठा कराया और आभार व्यक्त किया। रेस्ट हाउस से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, क्रांति ताम्रकर, मोहसिन खान, रूख्मणी देवांगन, लियाकत अली, नारायण चतुर्वेदी, अमित टंडन, विक्की कुर्रे, हरि सेन सहित अन्य ने रैली में शामिल होकर जनता का आभार जताया। इस दौरान धुमाल की धुन पर कार्यकर्ता थिरकते नजर आए। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि वार्ड 15 में पार्षद और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को समान वोट मिला थे। पार्षद ओगरे ने बताया कि वार्ड 15 के वोटर्स ने दूसरी बार जिताया है।

# महाशिवरात्र पर्व 24 से, शहनाज की प्रस्तुति 25 को

**डोंगरगढ़।** नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम रखा गया है। नीचे शिव मंदिर परिसर में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। मेला में खाद्य स्टॉल, झूला, मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु जम्पिंग झपाक, मिक्की माऊस आदि के स्टॉल लगेंगे। आगामी 24 फरवरी रायपुर के प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा भजन की प्रस्तुति रात्रि बजे 8 बजे से देंगे। इसी कड़ी में आगामी 25 फरवरी को सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर भजन की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से देंगी। आगामी 26 फरवरी को प्रसिद्ध जस गायक दिलीप षड़ंगी का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्र के मौके पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर में श्री शिव पूजा के लिए बेलपत्ती, दुध की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। ट्रस्ट समिति ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

# बोर्ड परीक्षाओं के पहले सेमरहा के बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुंचीं विधायक बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में 1 मार्च से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इसी के तहत बुधवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम सेमरहा के बच्चों से मुलाकात की और उनसे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर भी बात-चीत की और उनके मन में निहित प्रश्नों और उलझनों का समाधान करते हुए प्रोत्साहित किया एवं परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें ऑल द बेस्ट कहकर शुभकामनाएं भी दी। विधायक श्रीमती बोहरा ने बच्चों के लिए परीक्षा की तैयारी के मद्देनजर लेखन सामग्री व अन्य जरूरतमंद स्टेशनरी चीजें भेंट किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ भोजन भी किया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि जब इन सेमरहा के बच्चों के साथ मिलती हूँ मुझमे खुद एक अलग ही आत्मविश्वास आता है। उनसे बातें करके उनकी उलझनों को दूर करके जो मुझे खुशी मिलती हैं, उन्हें शब्दों में बयां नहीं कर सकती। ये सभी बच्चे मेरे परिवार का हिस्सा ही हैं और जब भी इनसे मिलती हूँ तब ये सभी बच्चे भी मुझसे जिस उत्साह और बेबाक तरीके से मिलकर अपनी बातों को रखते हैं उसे देखकर मन में संतोष और आत्मविश्वास मिलता है कि मैनें अभिभावक के रूप में उन सभी 24 बच्चों के शिक्षा, रोजगार एवं विवाह तक जो जिम्मेदारी उठाई है उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर सकूँ, ताकि उनका भविष्य उज्जवल और सुरक्षित हो सके। आज भी जब उनसे बातें कर रही थी तो उनके अन्दर कहीं न कहीं आज भी उस हादसे को लेकर मन में पीड़ा दिख रही थी, उनके परिजनों की कमी को पूरी नहीं कर सकती लेकिन एक अभिभावक के रूप में उनके हर सुख-दुःख, सफलता, उत्सव और विशेष पर्व एवं त्यौहार में उनके साथ रह सकूँ और उनके चेहरों पर खुशी और मुस्कान ला सकूँ।

### परीक्षाओं को लेकर मन में कुछ दुविधाएं और प्रश्न थे जिनका उत्तर भी बच्चों को दिया

श्रीमती बोहरा ने कहा कि आज लगभग 10 महीने होने जा रहें हैं। इन विगत 10 महीनों में मैनें यही प्रयास किया है कि उन सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सकें। परीक्षाओं को लेकर भी उनके मन में कुछ दुविधाएं और प्रश्न थे जिनका उत्तर भी बच्चों को दिया और संयाम एवं धैर्य के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया साथ ही उनके लिए पढ़ाई-लिखाई और विभिन्न शिक्षण सामग्री भी उन्हें भेंट कर आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी बच्चे परीक्षाओं में अच्छे परिणाम लाएंगे। पंडरिया मेरा परिवार है और जब परिवार के किसी सदस्य पर कोई विपदा आती है तो उनके साथ रहना मेरा प्रथम कर्तव्य है। मेरे एक प्रयास से यदि उन बच्चों का भविष्य संवारना है तो यह मेरे लिए अपने आप में एक गर्व की बात होगी। उन बच्चों के प्रति मेरी जो भावनाएं हैं उन्हें मैं शब्दों में बता तो नहीं सकती लेकिन उनसे मुझे जो स्नेह मिलता है वही मेरे लिए मेरे प्रयासों का प्रतिफल है। आज भी उस हादसे के बारे में याद करके मन भावनाओं से भर उठता है। उस समय उन बच्चों की आँखों में एक निराशा थी लेकिन आज मुझे ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं आज उन बच्चों में भी एक आत्मविश्वास और अपने भविष्य को लेकर उनके मन में संकल्प और लक्ष्य स्पष्ट है और जब तक जितना संभव हो सके मैं उनके लिए प्रयास करती रहूंगी और जो जिम्मेदारी मैनें उनके प्रति की है उसे जरुर निभाउंगी। उन सभी 24 बच्चों के साथ अपने परिवार की भांति हर सुख-दुःख में साथ रहूंगी। उन बच्चों में भी अपार सामर्थ्य है और मुझे विश्वास है कि आगामी परीक्षाओं में भी सभी बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अच्छे नंबरों से सफल होंगे। विदित हो कि मई 2024 में ग्राम बहपानी के पास तेंदूपत्ता संग्रहण करके पिकअप से लौट रही वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी पंडरिया विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम सेमरहा निवासी 19 लोगों का निधन हो गया था। तब से विधायक भावना बोहरा ने इस हादसे में दिवंगत हुए परिजनों के बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं उनके विवाह तक की जिम्मेदारी निभा रही हैं और हर पर्व, त्यौहार और एवं विशेष उत्सव उन बच्चों के साथ मनाती हैं।

चन्द्रगिरी में मुनिश्री का प्रवचन

# समाधि हो साधक के जीवन का लक्ष्य : समता सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्रमण संस्कृति के उन्नायक आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि के एक वर्ष उपरांत आयोजित विनयांजलि सभा में निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने धर्म सभा में कहा कि साधक का लक्ष्य साधना को आगे बढ़ाते हुए समाधि प्राप्त करने होना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि सम्यक्त्व और समाधि दो महत्वपूर्ण विंदु है, जिनसे भव्य आत्माएं साधक बन कर अपने निर्वाण को प्राप्त करते है। जैन दर्शन का सार यही है कि जीवन में सम्यक्त्व की प्राप्ति हो, और उपसंहार में समाधि मरण हो। उन्होंने आचार्य श्री को याद करते हुए कहा कि वह अपने साधना काल में यही अनुभव करते रहे, और सभी को प्रेरणा देते रहे कि हमेशा मन में प्रतिक्रमण एवं समाधि का भाव रहे।




### समाधि के बिना जीवन अधूरा

मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि मंदिर कितना भी भव्य बन जाए। उसमें बेदी और श्री जी विराजमान हो जाएं, लेकिन शिखर पर कलशारोहण नहीं है तो वह मंदिर अधूरा होता है ऐसे ही अपने जीवन में कितने भी व्रत उपवास कर लो किन्तु अंत यदि समाधि न हो तो जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने शारीरिक प्रतिकूलता के बाद भी लक्ष्य को पाने में पूर्ण चेतना के साथ निस्प्रहतः भावों से अपने लक्ष्य को हासिल किया।

**संगीतमय पूजन**

प्रतिभास्थली की सोनल दीदी एवं मीनल दीदी ने अपने स्वरों से आचार्य श्री की भावनात्मक संगीतमय पूजन किया। अपनी मृत्यु को मृत्यु महोत्सव मनाने की कला के साथ सभी त्यागी वृति परिवार के सदस्यों ने सामूहिक अर्घ समर्पित कराया। इस अवसर पर जबलपुर, ललितपुर, इंदौर, रामटेक तथा डोंगरगढ़ प्रतिभास्थली की शिक्षिकाओं ने अपने अपने संस्मरण सुनाएं। उन्होंने कहा कि गुरुदेव कभी श्रेय नहीं लेते थे बल्कि हमेशा अपने गुरु को याद करते थे।

# हाइवे की लाइट महीनों से बंद



**चिचोल।** नेशनल हाईवे में लगी हाईमास्ट लाइट के बंद होने से अंधेरा पसरा रहता है। बस स्टैण्ड और अंडरब्रिज के पास लगे हाईमास्ट लाईट महीनों से बंद है। लाईट को चालू करने की दिशा में फोरलेन कंपनी ध्यान नही दे रही है जिससे पूरी रात अंधेरा रहता है। टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है जिसके चलते गांव में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। जानकारी के अनुसार गत 6 फरवरी की रात्रि को 2 से 3 दुकान का शटर तोड़कर नगदी और सामान चोरी चले गए। इसी प्रकार दीपावली के आसपास तरुण जनरल स्टोर का शटर तोड़कर चोरी किया गया था। हाई मास्ट लाइट बंद होने से लोगों को भी परेशानी हो रही है।

# पहाड़ में तेंदुआ होने का शोर

**छुरिया।** नगर में लम्बे वक्त बाद तेंदुआ की मौजूदगी का शोर सुनाई दे रहा है। कुछ लोगों ने सबसे पहले पहाड़ पर तेंदुआ को बैठे देखा। मां दन्तेश्वरी मंदिर ऊपर पहाड़ी में जहां हनुमान जी विराजमान हैं के ठीक नीचे पहाड़ में तेंदुआ होने की खबर के बाद उसे देखने नगर सहित आसपास के लोग उमड़ रहे हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तेंदुआ है या नहीं। जानकारी के अनुसार करीब दस साल पहले तक उक्त पहाड़ में तेंदुआ देखने मिलता था।सोमवार से तेंदुआ की आहट



नगर में सुनाई दे रही है। पहाड़ में पेड़ के पास बैठे होने की जानकारी लोग दे रहे है किन्तु कोई भी तेंदुआ को लेकर स्पष्ट नहीं बता रहा है। नगर के पुराना बस स्टैंड के पास से तेंदूआ को देखने लोगों हूजूम उमड़ रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि पहाड़ के खोल में तेंदूआ चला गया है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## दूसरे चरण में आज 655 मतदान केंद्रों पर 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता करेंगे मतदान

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव पंडरिया व बोड़ला निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों को सामाग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के लिए मतदान दलों को आज सामाग्री वितरित कर रवाना किया गया। कबीरधाम जिले में दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को विकासखंड बोड़ला और पंडरिया क्षेत्र में होगा। इसके अंतर्गत विकासखंड बोड़ला और पंडरिया के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। इसमें दोनों विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं पंडरिया विकासखंड में निर्वाचन के लिए 347 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 347 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडरिया से रवाना किया गया। इसमें कुल 1388 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, इसके साथ रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं। बोड़ला विकासखंड में निर्वाचन के लिए 308 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 308 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से रवाना किया गया। इसमें कुल 1232 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं तथा रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं।



### पंडरिया जनपद पंचायत सदस्य के 139 प्रत्याशी मैदान पर, 185752 मतदाता करेंगे मतदान

तहसीलदार एवं रिटर्निंग अधिकारी पंचायत पण्डरिया सुशील कुमार सोनपिपरे ने बताया कि पंडरिया जनपद पंचायत अंतर्गत पंच पद के 945 वार्डों के लिए 2080 प्रत्याशी मैदान पर है। सरपंच पद के 134 ग्राम पंचायतों के लिए 537 प्रत्याशी मैदान पर है। जनपद सदस्य के 25 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 139 प्रत्याशी मैदान पर है। इसमें कुल मतदान केंद्र 347, कुल मतदाता 185752 है।

### बोड़ला जनपद पंचायत सदस्य के 441 प्रत्याशी मैदान पर, 145344 मतदाता करेंगे मतदान

बोड़ला जनपद पंचायत के तहसीलदार एवं रिटर्निंग अधिकारी सुश्री राजश्री पांडेय ने बताया कि जनपद क्षेत्र बोड़ला विकासखंड अन्तर्गत पंच पद के 551 वार्डो के लिए 1195 प्रत्याशी मैदान पर हैं। सरपंच पद के 119 ग्राम पंचायतों के लिये 441 प्रत्याशी मैदान पर हैं। जनपद सदस्य के 25 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 111 प्रत्याशी मैदान पर हैं। कुल मतदान केंद्र 308 और कुल मतदाता 145344 है।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से 8 में मतदान आज

रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण 20 फरवरी को पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन होगा। इसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 और क्षेत्र 08 शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसमें कुल 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता और मतदान केन्द्र 655 है। इन दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र क्रमांक 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 903 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 5 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 883 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है, इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 913 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 159 मतदाता और मतदान केन्द्र 80 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 2 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 05 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 75 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 06 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 569 मतदाता और मतदान केन्द्र 85 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 07 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 133 मतदाता और मतदान केन्द्र 85 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 08 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 430 मतदाता और मतदान केन्द्र 89 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है।

# गुरुकुल के छात्राओं ने सिल्वर जोन ओलम्पियाड में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सिल्वर जोन ओलम्पियाड के तत्वधान में अखिल भारतीय हिन्दी ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अधिकांश शालाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भागीरथ प्रयास किए। गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्तकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया। जिसमें आवानी तम्बोली, चित्ररेखा रघुवंशी, सान्वी माहेश्वरी, अभिष्ट शर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं हर्ष सिंह राजपूत रजत पदक, अव्यांश मित्रा कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे राज्य में कबीरधाम जिलें का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी गण, शाला के प्रभारी प्राचार्य ने पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

## हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद ओपन सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर जनवरी 2004-25 का परिणाम जारी कर दिए है। इसमें एमए इतिहास प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल 94.78 प्रतिशत, तृतीय सेमेस्टर का 95.06 प्रतिशत व एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का 95.39 प्रतिशत रहा। वहीं विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया है।

# वर्षों से सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य अधूरा, जिम्मेदारों की भारी अनदेखी

- ग्रामवासियों को नहीं मिल पा रही मूलभूत सुविधाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट में वर्षो पहले सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के लिए शासन प्रशासन द्वारा 5 लाख रुपए की स्वीकृति राशि प्रदान सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए सांसद निधि द्वारा प्रदान किया गया था, वहीं सांस्कृतिक भवन निर्माण का कार्य जोर-शोर से कराया गया, लेकिन अब विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्राम डबराभाट के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य आधा अधूरा व एक वर्ष के बाद निर्माण कार्य पूरी नहीं हो पाया है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को सांस्कृतिक भवन का लाभ मिल सकें।

# नदी व तालाबों का पानी सूखाने की कगार पर, ग्रामीणों को नहीं मिल रही बुनियादी सुविधा, बड़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



जिले भर के नदी-नाला, तालाब, अन्य जलस्त्रोत का पानी सूख गया है। साथ ही साथ हैंडपंप का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अच्छे जलस्त्रोत वाले स्थानों पर बचे पानी से लोग किसी प्रकार बुनियादी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पानी के लिए शहर से लेकर अंचल में अभी से ही पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिले के आला अधिकारी पानी की समस्या दूर करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, परंतु इस पर सफल नहीं हो पा रहे हैं।

नतीजा यह कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए कई पेयजल पूर्ति सहित हैंडपंप खराब पड़े हैं। ग्रामीणों द्वारा इसकी मरम्मत व सुधार कार्य के लिए कई बार विभागीय अधिकारी को शिकवा शिकायत की गई, लेकिन वर्तमान में स्थिति जस की तस बनी हुई है। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में नदी व तालाब में पानी की कमी व गाढ़ापन होने लगे हैं जिनके कारण से रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं ग्राम सिंघनपुरी के रहवासियों को निस्तारी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब में पानी कम तथा गाढ़ापन होने से निस्तारी से लोगों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, लोगों को दाद-खाज, खुजली साथ ही साथ तालाब के पानी दूषित होने से विभिन्न प्रकार की बीमारी होने की संभावना बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर मवेशियों को भी पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों क्षेत्रों में अभी से पेयजल की समस्या बढ़ी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पेयजल की समस्या अभी से गहरी संकट साबित हो रहा है। क्योंकि नदी व तालाब की पानी सुखने व गाढ़ापन तथा हैंडपंप की सुधार व मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दूर दराज से पेयजल की पूर्ति करने मजबूर है। वहीं क्षेत्र में अभी से ही पेयजल की संकट व बड़ी समस्या बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा खराब व बंद हैंडपंप की मरम्मत तथा सुधार कार्य व तालाब में बोरपंप से पानी भरने की अपील की गई ताकि लोगों को सुविधा व पशु-पक्षी को भी राहत मिल सकें।

## नव-निर्वाचित पार्षद ने वार्डवासियों को महाकुंभ दर्शन के लिए किया रवाना



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में वार्ड क्रमांक 05 के नव-निर्वाचित पार्षद रानू पांडेय द्वारा वार्ड क्रमांक 05 के वार्डवासियों को इलाहाबाद प्रयाग में आयोजित महाकुंभ मेंला दर्शन के लिए 26 महिला-पुरुषों को तीर्थ स्थल रवाना किया। वहीं इलाहाबाद प्रयाग में विधि-विधान से पूजा-अर्चना व स्नान-ध्यान करेंगें। जिस पर वार्डवासियों ने नव-निर्वाचित पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# पंचायती राज लोकतंत्र का दूसरा चरण का मतदान महादान का त्यौहार आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

त्रि-स्तरीय पंचाय चुनाव पंच, सरपंच, व जनपद सदस्य तथा जिला सदस्य के लिए आज मतदान होना है। पंचायती राज लोकतंत्र मजबूती के लिए बिना किसी लालच के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं तथा विकास कार्य के लिए ऐसे प्रत्याशी को चुने जो ईमानदारी, सत्य-निष्ठा से विकास क्षेत्र में कार्य करवाया जाए। इस त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों को जन जागरूक कर जागो मतदाता जागो मतदान महादान आज है व पंचायती राज



लोकतंत्र का दूसरा चरण के चुनाव में छोड़े सारे काम पहले करे मतदान है।

# शादी-ब्याह के लिए होटल, कैटरिंग, टेंट पण्डाल की बुकिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर सहित क्षेत्र में शादी-ब्याह के सीजन जोरों पर है। वहीं बैंड-बाजा, होटल व कैटरिंग की भारी बुकिंग होने से कारोबारियों की बल्ले बल्ले है। शादी-ब्याह के कारोबार से जुड़े लोगों की जिंदगी पटरी पर लौटने लगी है। व्यवसाय से जुड़े लोगों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों शहर व क्षेत्र में शादी की इतनी बुकिंग आ रही है कि ठप्प पड़े होटल, टेंट, लाइट एंड डेकोरेशन का कारोबार इन दिनों ज्यादा शादी की मुहुर्त होने से भारी काम मिले है। शादी के लिए लम्बे समय से इंतजार कर हरे थें। वहीं होटल, मैरिज पैलेस, लाइट, साउंड एंड डेकोरेशन, डीजे-धूमाल की बुकिंग जोर शोर से शुरू हो गई है। वहीं मुहुर्त को लेकर शादी ब्याह के इस अवसर पर कारोबारियों का व्यवसाय बहुत फल फूल रहा है, लोग अवसर का फायदा उठाकर अनाप सनाप रेट में टेंट, केंटरिंग की बुकिंग मजबुरी बस कर रहे है।

### छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियां

शादी ब्याह का सीजन और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10 वीं व कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा 1 व 3 मार्च से प्रारंभ कि जाएगी वहीं हेमचंद यादव दुर्ग द्वारा बीएससी, बीकॉम व बीए, प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय एवं सेमेस्टर परीक्षाएं में छात्र छात्राओं को पढ़ाई लिखाई करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि शादी-ब्याह में जोर-शोर से डीजे, धूमाल व अन्य ध्वनि यंत्र का प्रयोग होने से ध्यान भटकने तथा शोर गुल से पढ़ाई लिखाई में बाधा उत्पन्न हो नही है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही देने से छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है।

## लोहारा बॉयपास पिलारी नहर से नवीन बाजार तक होने वाले गौरवपथ निर्माण का निरीक्षण किया

# वर्षों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी, नपाध्यक्ष ने जारी कराया गौरव पथ निर्माण का टेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नव-निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बुधवार को लंबे समय की बहुप्रतिक्षित मांग व ऐतिहासिक सौंगात को शहरवासियों के नाम किया। उन्होंनें नगर पालिका अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम कर्तव्य व वार्डवासियों के सपनों पर चार चांद लगाते हुए नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत निर्माण होने वाले लोहारा बॉयपास मार्ग (पिलारी नहर) से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित कर 10 करोड़ 69 लाख रूपए का टेंडर जारी कराया। उन्होने उक्त मार्ग का निरीक्षण कर वहां निवासरत परिवारों से मुलाकात किए तथा कवर्धा शहर सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि गौरवपथ जल्द निर्माण होने की जानकारी दी।

उन्होनें पूरे पिलारी नहर से लेकर नवीन बाजार मार्ग तक पैदल चलकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने एवं सतत मॉनिटरिंग में कार्य कराए जाने निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि वार्डवासियों का सपना साकार हुआ है, विकसित कवर्धा के रूप में अब हमारा कवर्धा शहर की पहचान बनेगी।

उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में पूरे कवर्धा शहर का विकास होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आश्वास्त किया है कि कवर्धा शहर की विकास के लिए पैसे की कमी नही होगी। उन्होनें अन्य विकास कार्यो के लिए भी प्राक्कन स्टीमेंट तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि कवर्धा का विकास पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल स्थान पर रहे। विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। गौरव पथ के निर्माण से कवर्धा शहर में विकास को नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि शहर के बुनियादी सुविधाओं को भी सुदृढ़ करेगी। लोहारा रोड बॉयपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर को विकास के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है। इस दौरान पार्षद देवकुमार साहू, रिंकेश वैष्णव, दुर्गेश अवस्थी, संजीव कुर्रे, योगेश चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे, उपअभियंता राजेश मिश्रा सहित वार्डवासी गण उपस्थित थें।

### सीएमओ ने 10 करोड़ 69 लाख 98 हजार का जारी किया टेंडर

कवर्धा शहर में 10 करोड़ 69 लाख 98 हजार रूपए की लागत से गौरवपथ का निर्माण किया जाएगा। जिले में बनने वाले इस पहले गौरव पथ की लंबाई करीब 1.8 किलोमीटर होगी। राजनांदगांव बॉयपास से पिलारी नहर होते हुए यह नवीन बाजार तक जुड़ेगी। इससे रामनगर वार्ड, शिवाजी कॉलोनी, रामनगर, शांतिदीप कॉलोनी और नवीन बाजार के रहवासियों को लाभ होगा। गौरव पथ निर्माण को लेकर राज्य सरकार से 10.78 करोड़ रुपए की स्वीकृति आचार संहिता के पूर्व मिल चुकी था, चूंकि आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण टेंण्डर प्रक्रिया नही हो पाया। आचार संहिता खत्म होने के तुरंत बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने मौका स्थल का मुआयना किया तथा आज ही टेंडर लगाने निर्देशित किया। निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज टेंडर जारी भी कर दिया गया, जल्द ही कार्य की शुरूआत भी हो जाएगी।